**प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग द्वारा दिनांकः–10.03.2026 को मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा परिक्षेत्राधीन पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, कुनौली अन्तर्गत पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, आधुनिकीकरण तथा नवीकरण कार्य (पार्ट–ए) अंतर्गत 0.00 से 12.50 कि0मी0 के बीच मुख्य नहर (नेपाल भाग) कार्य का निरीक्षण प्रतिवेदन।**

---


**निरीक्षण के समय उपस्थित पदाधिकारीगणः–**

(1) श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
(2) श्री अनिल कुमार मंडल, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा।
(3) श्री शंभु कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर।
(4) श्री युवराज अमन, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल कुनौली।
(5) श्री अभिलाष कुमार, सहायक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल कुनौली।
(6) श्री मिरूण कुमार, सहायक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल कुनौली।
(7) एजेन्सी के प्रतिनिधि।

**निरीक्षण के क्रम में दिये गये निदेश निम्नवत् हैः–**

**1.** पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के 4.23 कि0मी0 पर (भारदा) अवस्थित S.L.R Bridge के समीप नहर के Desilting से प्राप्त Silt नहर के दोनों बॉध पर रखा हुआ पाया गया। निरीक्षण के क्रम में निदेशित किया गया कि Silt को सही तरीके से Stacking की जाय। जहॉ–जहॉ भी इस तरह की स्थिति है उसे Properly Stacking/ Laying की जाय। साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि इस संबंध में प्राक्कलन में प्रावधानित के अनुरूप कार्य सम्पादित किया जा रहा है अथवा नहीं, इसकी समीक्षा मुख्य अभियंता करते हुए समीक्षा प्रतिवेदन मंतव्य के साथ शीघ्र उपलब्ध करायेंगे।






निरीक्षण के क्रम में S.L.R Bridge के D/S में दाहिने नहर बॉध पर चार अदद पोकलेन कार्य में प्रयुक्त पाया गया।

स्थल पर उपस्थित मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा यह बताया गया कि नहर के Desilting से प्राप्त होनेवाले अतिरिक्त मिट्टी / Silt को विभागीय निदेशानुसार स्थानीय किसानों / जनता को नियमानुसार उपलब्ध कराने के संबंध में विज्ञापन, समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, सकरी (नोडल प्रमंडल) द्वारा विभागीय जनसम्पर्क पदाधिकारी को प्रेषित किया गया है, जिसका विज्ञापन समाचार पत्रों में दिनांक–13.03.2026 को प्रकाशित है।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, कुनौली एवं MEIL, विभागीय जन संपर्क पदाधिकारी)**

**2.** पश्चिमी कोशी मुख्य नहर (नेपाल भाग) के 12.20 कि0मी0 (ग्राम–तोपा) के पास स्थल निरीक्षण के समय Sleeper का कार्य निर्माणाधीन पाया गया तथा इस स्थल पर नहर के तल से Brick tiles Dismantling कार्य भी प्रगति में पाया गया।




कार्यस्थल पर यह निदेशित किया गया कि कराये गये कार्यो का Curing नियमानुकूल किया जाना सुनिश्चित की जाय।


**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, कुनौली एवं MEIL)**

**3.** पश्चिमी कोशी मुख्य नहर (नेपाल भाग) के 12.50 कि0मी0 (ग्राम तोपा) के निकट Camp स्थल निरीक्षण के क्रम में दो अदद् Batch Mixing Plant अधिष्ठापित पाया गया तथा निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले Filter Material, Stone, Metal, Chips, Sand एवं अन्य सामग्री संग्रहित पाया गया।



इस कार्य के संवेदक MEIL के Site Engineer द्वारा यह बताया गया कि नेपाल भाग में पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के 0.00 कि0मी0 से 35.00 कि0मी0 के बीच Desilting का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है तथा वर्तमान कार्यकारी अवधि में 12.00 कि0मी0 की लम्बाई में कंक्रिट लाईनिंग किये जाने का लक्ष्य है। साथ

ही यह भी बताया गया कि उक्त लम्बाई में विभिन्न स्थलों पर कुल 131 मशीनरी कार्य में प्रयुक्त है एवं 220 मानवबल की सहायता से कार्य कराया जा रहा है।




इस संदर्भ में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा यह बताया गया कि इस कार्यकारी अवधि में नेपाल भाग के वर्तमान में कराये जा रहे 12.00 कि0मी0 तक कंक्रिट लाईनिंग की कार्य योजना से नेपाल को आगामी रब्बी सिंचाई में भी जलश्राव उपलब्ध कराने में कठिनाई होगी। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि एजेन्सी द्वारा इस कार्यकारी अवधि में नेपाल भाग के पुरी लम्बाई (35.00 कि0मी0) में कंक्रिट लाईनिंग किये जाने की कार्य योजना से नेपाल को आगामी रब्बी सिंचाई में जलश्राव उपलब्ध कराने में कठिनाई नहीं होगी। आगामी रब्बी सिंचाई में 35 कि0मी0 के नजदीक का C.R Gate बंद कर नेपाल भाग में जलश्राव उपलब्ध कराया जायेगा तथा भारतीय भाग में कार्य कराया जायेगा।

इस संबंध में कार्यस्थल पर मैन पावर, मशीनरी की संख्या बढाते हुए पर्याप्त मात्रा में सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर नेपाल भाग के 35.00 कि0मी0 में लाईनिंग का कार्य ससमय कराया जाना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रमंडलों में भी कराये जा रहे कार्यों में तेजी लाकर गुणवत्ता एवं विशिष्टी के अनुरूप कार्य सम्पादित कराया जाय जिससे निर्धारित समय–सीमा के अन्दर यह योजना पूर्ण हो सके। स्थल पर उपस्थित संवेदक MEIL के प्रतिनिधि को पुनरीक्षित कार्य योजना / कार्यक्रम शीघ्र समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, कुनौली एवं MEIL)**

**4.** अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर एवं कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, कुनौली के द्वारा यह बताया गया कि विद्युत पोल Shifting का प्राक्कलन नेपाल विद्युत प्रमंडल के द्वारा एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराये जाने की सूचना दी गई है साथ ही यह भी बताया गया कि नेपाल सरकार के विद्युत प्रमंडल द्वारा प्राक्कलन यह कह कर उपलब्ध करायी जा रही है कि Electric Pole Shifting का कार्य नेपाल विद्युत प्रमडल द्वारा ही कराया जाएगा। इस क्रम में संबंधित विद्युत प्रमंडल, नेपाल सरकार द्वारा स्वीकृत प्राक्कलन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए राशि को नेपाल विद्युत प्रमंडल को उपलब्ध करा दी जाएगी।

5. निरीक्षण के क्रम में पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के बॉध पर स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमित कर कहीं–कहीं अस्थाई घर भी बना लिये गये है, जिसे शीघ्र हटाने का निदेश दिया गया।



इस संदर्भ में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा यह बताया गया कि नेपाल सरकार के पदाधिकारी के साथ कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता की बैठक हुई है। नेपाल सरकार के संबंधित CDO तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु अपेक्षित सहयोग की सहमति देते हुए कुछ जगहों पर अतिक्रमण हटाया भी गया है।

कार्य स्थल पर विद्युत पोल Shifting एवं अतिक्रमण के संबंध में नेपाल सरकार के संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु पुनः निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, कुनौली एवं MEIL)**

6. स्थल निरीक्षण के क्रम में यह निदेश दिया गया कि संबंधित गुण नियंत्रण संगठन द्वारा स्थल निरीक्षण करते हुए कराये जा रहे कार्यों की विस्तृत गुणवत्ता जाँच कर 15 दिनों के अन्दर जाँच प्रतिवेदन समर्पित करेंगे एवं इससे अधोहस्ताक्षरी को भी अवलोकनार्थ समर्पित करेंगे।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण एवं गुण नियंत्रण/ मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, कुनौली एवं MEIL)**

ह0/–

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग

पत्रांक–1/PMC/विविध/179/2024–पार्ट–1 पटना, दिनांक–......................

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार को सादर सूचनार्थ।

ह0/–

प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग

पत्रांक–1/PMC/विविध/179/2024–पार्ट–1 पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपि :– विकास आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ।

ह0/–

प्रधान सचिव,

जल संसाधन विभाग

पत्रांक–1/PMC/विविध/179/2024–पार्ट–1 252 पटना, दिनांक–30/03/24

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

30/3/24

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय,

जल संसाधन विभाग

पत्रांक–1/PMC/विविध/179/2024–पार्ट–1 252 पटना, दिनांक–30/03/24

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

30/3/24

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय,

जल संसाधन विभाग

पत्रांक–1/PMC/विविध/179/2024–पार्ट–1 252 पटना, दिनांक–30/03/24

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/ सिंचाई सृजन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

30/3/24

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय,

जल संसाधन विभाग

पत्रांक–1/PMC/विविध/179/2024–पार्ट–1 252 पटना, दिनांक–30/03/24

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण एवं गुण नियंत्रण, पटना/ मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/3/24

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय,

जल संसाधन विभाग

पत्रांक–1/PMC/विविध/179/2024–पार्ट–1 252 पटना, दिनांक– 30/03/24

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय,
जल संसाधन विभाग

पत्रांक–1/PMC/विविध/179/2024–पार्ट–1 252 पटना, दिनांक– 30/03/24

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को सभी संबंधितों को ई–मेल एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय,
जल संसाधन विभाग